दैनिक सायंकालीन

# कानून व्यवस्था

वर्षः 16 | अंकः 138 | E-mail : kvjpr1@gmail.com | जयपुर, (गुरूवार) 04 दिसंबर, 2025 | RNI.No.RAJHIN/2010/33272 | मूल्य 1 रुपए | पृष्ठः 4

# पुतिन और मोदी की मुलाकात से एक नए अध्याय की शुरुआत आज

## पुतिन आपके दोस्त हैं आपकी बात मानते हैं PLZ मोदी जी उन्हें युद्ध रोकने के लिए कहे

### पुतिन के 'बॉस' मोदी? यूरोप ने मानी भारत की ताकत, कहा- अब आप ही बचा सकते हैं दुनिया

कानून व्यवस्था

पुतिन और मोदी के बीच अभी तक 16 बार।बातचीत हुई है रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार की रात भारत के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। पिछले कुछ दिनों में कई यूरोपीय देशों के दूतों और अधिकारियों ने निजी रूप से भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह पुतिन पर युद्ध समाप्त करने के लिए दबाव डालें।

सूत्रों का कहना है कि कई यूरोपीय दूतों ने विनम्रता से यह संदेश दिया है कि यह युद्ध उनके अस्तित्व और यूरोपीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इन दूतों की ओर से भारत को भेजे गए संदेश का सार यह था, ÷पुतिन आपके मित्र हैं, आपकी बात सुनते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि युद्ध के मैदान में समाधान संभव नहीं है, इसलिए कृपया उनसे युद्ध रोकने पर जोर दें।

उस समय कई यूरोपीय नेता और विदेश मंत्री दिल्ली पहुंचे थे और भारत से एक पक्ष चुनने की अपील की थी।



यह नया संदेश इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इनमें से कई यूरोपीय देश भारत के प्रमुख रणनीतिक साझेदार हैं और भारतीय छात्रों, पेशेवरों एवं वर्कर्स के लिए अहम गंतव्य भी। यूरोपीय संघ के नेताओं को 2026 के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि के रूप में भी आमंत्रित किया गया है।

सूत्र बताते हैं कि साउथ ब्लॉक के अधिकारियों ने पुतिन की यात्रा की तैयारियों के दौरान यूरोपीय दूतों की चिंताओं को गंभीरता से सुना। अमेरिका और यूरोप दोनों ही भारत पर रूस से तेल आयात कम करने का दबाव बना रहे हैं, इसलिए पुतिन-मोदी वार्ता पर दोनों की कड़ी निगाह रहेगी।

ुद्ध शुरू होने के बाद से मोदी और पुतिन के बीच बातचीत लगातार जारी रही है-अब तक कुल 16 बार, जिसमें 2022 से 2024 के बीच 11 बार और इस वर्ष 5 बार संवाद हुआ।

### 'विदेशी नेता पर निर्भर करता है...'

#### राहुल के आरोपों पर सरकार का जवाब!

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत पहुंचने से पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती की विपक्ष के लोग फॉरेन डेलिगेशन से मिले. उनके आरोप पर सरकार सूत्र ने बताया कि भारत आने वाले विदेशी नेताओं पर यह निर्भर करता है कि वो किससे मिलना चाहते हैं? उनके प्लान के मुताबित विदेश मंत्रालय मीटिंग की व्यवस्था करता है

पुतिन की यात्रा के दौरान भारत उनकी मेजबानी के लिए प्राइवेट डिनर, राजकीय भोज, द्विपक्षीय बैठकें और सीईओ सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित करेगा।

इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने शुरुआत में ही पुतिन से कहा था, ÷यह युद्ध का दौर नहीं है।÷ जापोरिज्जिया न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा को लेकर भी मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस से बात की थी। भारत ने रूस-यूक्रेन अनाज समझौते में भी शांत रूप से सहयोग किया था।

## राजस्थान में मंत्री रो रहे है पहले उनकी सुने..डोटासरा बोले

### सीएम भजनलाल से निवेदन है कि मंत्रियों की सुनें, वे रो रहे है

कानून व्यवस्था



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा- मैं छ्रूसे हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि मंत्रियों की सुनवाई करो, ये बेचारे रो रहे हैं। सुधांश पंत इनके ऐसे स्पेशल असिस्टेंट(SA) लगा गए कि ये मंत्रियों की सुनते ही नहीं हैं। डोटासरा ने कहा- मैं लिख कर दे सकता हूं कि शेखावाटी में यमुना का पानी नहीं आएगा। इनके कार्यकाल में ERCP राष्ट्रीय परियोजना नहीं बनेगी।

## भारत को S-500 लेने की कोशिश करनी चाहिए पुतिन से

कानून व्यवस्था



बिहार में जन्मे रूसी MLA अभय सिंह ने कहा है कि भारत को रूसी एयर डिफेंस सिस्टम स्-500 लेने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा 'S-400 सिस्टम बहुत अच्छा मिसाइल सिस्टम है, लेकिन S-500 लेटेस्ट टेक्नोलॉजी है। इसका इस्तेमाल सिर्फ रूस में होता है और रूस इसे किसी देश को नहीं दे रहा। अगर रूस इसे भारत को देता है तो भारत इसे हासिल करने वाला पहला देश बन जाएगा। चीन के पास भी यह सिस्टम नहीं है।'

## अजमेर दरगाह-कलेक्ट्रेट बम से उड़ाने की खबर

कानून व्यवस्था



राजस्थान के अजमेर स्थित विश्व प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती दरगाह और कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर और दरगाह को खाली करा लिया है। दरगाह के बाहर जायरीनों की भीड़ लग चुकी है। दरगाह के चारों तरफ गेट पर एंट्री बंद कर दी गई है। मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड से चेकिंग की जा रही है। फिलहाल कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

# 'मोदी नहीं चाहते मैं पुतिन से मिलूं'

### विदेशी गणमान्यों को विपक्षी नेताओं से न मिलने को कहती है सरकार

कानून व्यवस्था



संसद के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन 04 दिसंबर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के भारत दौरे को लेकर सियासत अचानक गरमा गई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर सीधा और तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर उन्हें विदेशी मेहमानों से मिलने से रोक रही है सरकार अपनी 'असुरक्षा' के कारण विदेश से आने वाले गणमान्य व्यक्तियों को कहती है कि वे विपक्ष के नेता (एलओपी) से न मिलेंलोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, अब तक परंपरा रही है कि विदेश से आने वाले नेता विपक्ष के नेता से भी मिलते थे। यह (पूर्व प्रधानमंत्री) अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के समय में भी होता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय इस परंपरा का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता भी देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। सरकार अकेले ही भारत नहीं होती। विपक्ष भी देश के लोकतंत्र का हिस्सा है और उसका नजरिया अलग होता है। राहुल ने यह भी कहा कि विदेशी नेता जब भारत आते हैं तो वे देश की पूरी राजनीतिक स्थिति को समझना चाहते हैं, न कि केवल सरकार की बात सुनना।

## 'मुनीर मानसिक रूप से अस्थिर हैं'



**कानून व्यवस्था/** अडियाला जेल में बंद PAK के पूर्व PM इमरान खान ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर को मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति बताया है। उन्होंने कहा 'मुनीर की नीतियां PAK के लिए विनाशकारी हैं। उनकी नीतियों के कारण आतंकवाद बेकाबू हो गया। मुनीर को PAK की कोई चिंता नहीं है वह पश्चिमी ताकतों को खुश करना चाहते हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के साथ तनाव भड़काया ताकि इंटरनेशनल लेवल पर उन्हें तथाकथित मुजाहिद के रूप में देखा जाए।'

## इंडिगो की फ्लाइट्स कैंसिल होने लगी उधर उसके शेयर भी गिरने लगे

### फ्लाइट्स कैंसिल होने से धड़ाम हुआ इंडिगो का शेयर

कानून व्यवस्था



इंडिगो एयरलाइंस कर्मचारियों की कमी और ऑपरेशनल दिक्कतों से जूझ रही है। इसके कारण पिछले 3 दिनों में एयरलाइन की सैकड़ों फ्लाइट्स रद्द हो चुकी हैं। इसका सीधा असर कंपनी के शेयर पर पड़ा है। इंडिगो की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का शेयर आज 2त्न से ज्यादा गिरकर 5490 रुपए के लेवल पर पहुंच गया है। कल भी इसमें गिरावट देखने को मिली थी।

## SMS जयपुर में शाम को भी चलेगी OPD!

कानून व्यवस्था



जयपुर सवाई मानसिंह अस्पताल (SMS) में अब शाम को भी OPD शुरू करने की तैयारी है। हालांकि, शाम की OPD सिर्फ जनरल मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों तक सीमित रहेगी, जबकि अन्य विभागों और सुपर स्पेशियलिटी के डॉक्टरों को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। हाल ही में प्रमुख शासन सचिव ने रात साढ़े 8 बजे अचानक इमरजेंसी का दौरा किया तो हैरान रह गई। उन्होंने गंभीर और सामान्य मरीजों के लिए अलग-अलग व्यवस्था का सुझाव दिया था।

# ट्रंप का एक और नया फरमान

### अमेरिका में H-1B, H-4 वीजा वालों के लिए एक और फरमान, 15 दिसंबर से लागू होगा नया नियम


कानून व्यवस्था



अमेरिका ने H-1B वीजा और उनके H-4 डिपेंडेंट्स के लिए स्क्रीनिंग और वेटिंग के तरीकों को बढ़ा दिया है। नए आदेश के तहत एप्लीकेंट्स को अपने सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर प्राइवेसी सेटिंग्स को पब्लिक करने के निर्देश दिए गए हैं।एक नए ऑर्डर में स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा कि 15 दिसंबर से सभी ॥-1क्च एप्लीकेंट्स और उनके डिपेंडेंट्स की ऑनलाइन प्रेजेंस का रिव्यू किया जाएगा। स्टूडेंट्स और एक्सचेंज विजिटर्स पहले से ही ऐसी स्क्रूटनी के दायरे में थे, जिसे अब H-1B और H-4 वीजा के लिए अप्लाई करने वालों को भी शामिल करने के लिए बढ़ा दिया गया है।

## राहुल गांधी आप बीजेपी में शामिल हो जाए कंगना बोली

कानून व्यवस्था



राहुल गांधी के बयान-अटल जी व मोहन सरकार में भारत आने वाले बड़े नेताओं से मिलने दिया जाता था, अब उन्हें मिलने नहीं दिया जाता। इस पर BJP सांसद कंगना रनौत ने कहा-ये सरकार के फैसले होते हैं। अटल जी देशभक्त थे। पूरे देश को उन पर गर्व था। लेकिन देश के लिए राहुल गांधी की भावनाएं काफी शंकास्पद हैं। राहुल गांधी अपनी तुलना अटल जी से कर रहे हैं, तो मेरा उनके लिए बस एक सुझाव रहेगा कि BJP में शामिल हो जाइए।

# 'भोथरा' हुआ नगर निगम

कानून व्यवस्था



ऐसे नगर निगम का क्या करें जिसके पास अवैध निर्माण को रोकने के लिए कोई कानून ही नहीं हो जयपुर नगर निगम का किशनपोल जोन अब भोथरा हो गया है यह नगर निगम अब अवैध निर्माण के साथ अतिक्रमण कार्यो पर कोई कार्यवाही ही नहीं कर पा रहा किशनपोल जोन में इस समय जयपुर के सबसे ज्यादा अतिक्रमणकारियों के साथ अवैध निर्माण की बाढ़ आई हुई है हालत यह है कि 8ु8 फीट की गलियों में 6ु6 मंजिले भवन अवैध रूप से तैयार हो रहे हैं और नगर निगम में सैकड़ों शिकायतों के बावजूद नगर निगम का किशनपोल जोन चेन की बंसी बजा रहा है इसी जोन का एक मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है जयपुर के जौहरी बाजार में 2101 नंबर के मकान पर जिसने सरकारी जमीन पर कब्जा भी किया और अवैध निर्माण भी कर लिया निगम ने मजे करने के लिए छोड़ दिया है हालत यह है कि लगातार शिकायतों के बावजूद किशनपोल जोन चुप है हालत यह है कि किशनपोल जोन में 2101 नंबर के अतिक्रमण और अवैध निर्माण के बावजूद इसकी सैकड़ों शिकायतों के बाद भी नगर निगम के आला अधिकारी चुप है ऐसा लगता है कि नगर निगम ने इस अतिक्रमणकारियों और अवैध निर्माण करने वालों को अपना सबसे बड़ा अभय दान दे दिया है नगर निगम का किशनपोल जोन इस तरह के अवैध निर्माण और अतिक्रमण करने के साथ जिसे सरकार की 4 फीट की जगह रोक कर सरकारी अतिक्रमण को खुली चुनौती दी है लेकिन उसके बावजूद भी नगर निगम जिसे यह अधिकार हैकि वह जयपुर की खूबसूरती और सुंदरता को बनाए रखें लेकिन नगर निगम खुद इस तरह से अतिक्रमणकारियों को अवैध निर्माण करने की छूट क्यों दे रहा है इस संदर्भ में मुख्यमंत्री को इस मामले की जानकारी के लिए एक प्रतिनिधिमंडल जल्द मिलने की और इस अतिक्रमण की जानकारी देने के लिए तैयार है।

## 'राहुल गांधी ने जो कहा, वह न सिर्फ गलत है, बल्कि...'

कानून व्यवस्था



BJP नेता संबित पात्रा ने राहुल गांधी के बयान पर कहा-मेरा मानना है कि राहुल गांधी ने जो कहा, वह न सिर्फ गलत है, बल्कि यह भारत की छवि को भी खराब करता है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत सरकार विदेशी मेहमानों को नेता प्रतिपक्ष से इसलिए मिलने नहीं देती, क्योंकि सरकार में असुरक्षा की भावना है। भारत सरकार को असुरक्षा क्यों महसूस होगी? आज भारत दुनिया में एक इकॉनमिक स्तंभ है।

## रसगुल्ले के लिए अखाड़ा बनी शादी


कानून व्यवस्था



बिहार से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बोधगया का एक शादी समारोह रसगुल्ले के लिए अखाड़ा बन गया। रसगुल्ला कम पड़ने पर दूल्हा-दुल्हन पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे, कुर्सियां, जो मिला उससे हमला बोल दिया। इस बवाल के बाद मामला थाने पहुंचा और शादी भी टूट गई। दूल्हे के पिता महेंद्र प्रसाद ने बताया कि विवाद रसगुल्ले को लेकर हुआ, लेकिन लड़की वालों ने दहेज का झूठा केस दर्ज करा दिया है।

## झांसी की SIR लिस्ट में अमिताभ बच्चन का नाम

कानून व्यवस्था





UP में जारी SIR प्रक्रिया चौंकाने वाला मामला सामने आए है। SIR लिस्ट में फिल्म अभिनेता बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन दर्ज मिला है। जिसको लेकर हड़कंप मचा हुआ है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर उनका नाम लिस्ट में कैसे पहुंचा? हैरानी की बात है कि बिग बी का नाम झांसी के खुशीपुरा इलाके की 2003 वाली वोटर लिस्ट में है। उनके मकान की संख्या 54 दर्ज है। मगर उनके पड़ोसियों को पता नहीं कि वो यहां कभी रहते थे।

## 10000 लगा सकते हो तो 30000 क्यों नहीं...?

### बीएलओ के काम के घंटे घटाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात करें छुट्टी भी दीजिए; एसआईआर के तनाव पर 'सुप्रीम मरहम, राज्यों को दिए निर्देश

कानून व्यवस्था



एसआईआर प्रक्रिया वैध कार्यवाही है। इसे पूरा करना होगा मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य सरकारों को बीएलओ की कार्य स्थितियों और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदार ठहराया।

## डी मार्ट ने घटिया बैग दिया 800 गुना जुर्माना लग गया

### घटिया कैरी बैग देने पर डी मार्ट पर 800 गुना जुर्माना

कानून व्यवस्था




भीलवाड़ा में कस्टमर को 6 रुपए का घटिया कैरी बैग देने पर डी मार्ट को अब 5000 रुपए बतौर जुर्माने के देने होंगे। जवाहर नगर निवासी अनामिका सुवालका ने 17 अप्रैल 2019 को डी-मार्ट, भीलवाड़ा से सामान खरीदा था। अनामिका ने 35 आइटम खरीदे थे, लेकिन लिस्ट में 36 सामान में थे। कर्मचारी ने अपनी तरफ से कैरी बैग भी जोड़ दिया था।

## अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस पर विशेष कार्यक्रमः 'डिसएबल' (disabled) नहीं 'डिफरेंटली-एबल्ड' (differently abled) कहे ~ सुनीता मीना

कानून व्यवस्था



जवाहर सर्किल पर स्थित पत्रिका द्वार पर राजस्थान पुलिस एवं प्रयास संस्था के दिव्यांग व अन्य छात्रों व प्रशिक्षकों द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया

### इस वर्ष की थीम रही

÷सामाजिक प्रगति को बढ़ाने के लिए दिव्यांगता समावेशन को बढ़ावा देना।÷कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान सुमित मेहरड़ा जी (IPS)यातायात पुलिस उपायुक्त (DCP) एवं सुनीता मीना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग विशिष्ट अतिथि, श्रीमती सत्या संगथिर प्रयास फाउंडेशन एवं नूपुर फाउंडेशन द्वारा हरी झंडी दिखाकर विश्व दिव्यांग जागरूकता दिवस रैली को रवाना किया रैली में दिव्यांग बच्चे,सामान्य बच्चे, शिक्षार्थी, स्टाफ आमजन एवं पुलिस अधिकारी आदि शामिल हुए।स्पेशल बच्चों के द्वारा हम होंगे कामयाब गाना, एकल नृत्य एवं

### नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया

सुनीता मीना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को आत्म-सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया विपरीत परिस्थितियों में क्या करें, कैसे करें इसके साथ ही राजकॉप सिटिजन एप के बारे में बतायासमावेशन को बढ़ावा देने के संबंध में शपथ ली गईसुनीता मीना ने कहा कि यह बच्चे डिसएबल नहीं डिफरेंटली एबल है इनको सहानुभूति के साथ ही समानता का एहसास करना चाहिए और इनके हौसलों को बढ़ाना चाहिए डीसीपी ने कहा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को सांकेतिक भाषा की बेसिक ट्रेनिंग होनी चाहिए ताकि दिव्यांग बच्चों की भाषा को आसानी से समझ सके मैं खुद सांकेतिक भाषा सीख रहा हूं नूपुर फाउंडेशन की तरफ से सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर पूरे प्रोग्राम के दौरान उपस्थित रहे

## राजकीय महाविद्यालय बामनवास में नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान आयोजित

कानून व्यवस्था



**बामनवासञ्चसुदीप कुमार गौड़** बामनवास, राजकीय महाविद्यालय, बामनवास में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के सहयोग से नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता विषयक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विजेंद्र देवन्दा, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी पीएचसी लिवाली बामनवास उपस्थित रहे। व्याख्यान के दौरान डॉ. देवन्दा ने किशोरों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसके मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए व्याख्यान से महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. माइकल फ्रांसिस रोमेर (नई किरण नशा मुक्ति केंद्र) ने युवाओं की नशामुक्त समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूकता ही नशे से बचने का सबसे प्रभावी माध्यम है। महाविद्यालय के प्राचार्य भीम सिंह मीणा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम किशोरों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

## बड़े भक्ति भाव से भक्तामर दीपार्चना पाठ सम्पन्न

कानून व्यवस्था



**बनेठा** ) टोंक जिले के उनियारा उपखंड के सुरेली कस्बें में स्थित अतिप्राचीन अतिशयकारी पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बालाचार्य निपूर्णनंदी महाराज ससंघ सानिध्य में भक्तामर दीपार्चना पाठ किया। जिसमें 48 रिद्धि सिद्धी मंत्रों द्वारा श्रीजी के समक्ष रजत दीप प्रज्वलित कर भक्तामर माण्डले पर रखे। बनेठा समाज के हरीश जैन पाण्डया ने बताया कि बालाचार्य निपूर्णनंदी महाराज ससंघ का पैदल विहार बनेठा कस्बें से चौथ का बरवाड़ा की ओर हो रहा है। विहार के दौरान बनेठा,सुरेली एवं बरवाड़ा के जैन समाज के अतिरिक्त अजैन समाज के लोग मौजूद रहे। सुरेली में लोगों ने जयकारे लगाकर जैन संतो का भव्य स्वागत किया। शाम को महाअर्चना वेदी में विराजमान पार्श्वनाथ भगवान के सम्मुख हुई। इस मौके पर सकल जैन समाज बनेठा के अनुयायियों ने बड़े भक्ति भाव से भक्तामर विधान किया। भक्तामर दीपार्चना पाठ के पुण्यार्जक रतना देवी, हेमचंद,मनन कुमार सौगाणी परिवार रहे। इस अनुष्ठान में कई गणमान्य पुरुष महिलाओं ने हिस्सा लिया।अनुष्ठान के समापन पर श्रद्धालुओं द्वारा 48 दीपकों से श्रीजी की मंगल आरती की।

## एडवोकेट जांगिड ने की प्रदेश मंत्री अजीत मांडन से मुलाकात

कानून व्यवस्था



**जयपुर।** ...भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा हाल ही जारी की गई जिसमें प्रदेश मंत्री पद पर पुनः अजीत मांडन को मनोनीत किया गया। अजित मांडन जांगिड सुथार विश्वकर्मा समाज से आते है और भाजपा नेतृत्व द्वारा सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व कार्यकारिणी में समायोजित कर ये नियुक्ति प्रदान की। लगभग 2त्न से अधिक जांगिड सुथार विश्वकर्मा समाज के वोटर है। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश मंत्री एवं जिला मीडिया प्रभारी भाजपा ओबीसी मोर्चा दौसा अरविंद जांगिड ठीकरीया एडवोकेट ने अपने साथी अधिवक्ता पूजा सोनी, पीयूष शर्मा के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय जाकर उनके मनोनयन की खुशी जाहिर की और प्रदेश मंत्री मांडन को दुपट्टा और गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही प्रधानमंत्री मोदी जी एवं प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा समाज को प्रतिनिधित्व दिए जाने पर उन सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। मांडन ने भी जांगिड और उनके साथ आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और पार्टी में सक्रिय और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए जांगिड सुथार विश्वकर्मा समाज को जब भी उनकी जरूरत होगी इससे आश्वत किया साथ ही अधिवक्ता हितों में जब भी कोई जरूरत होगी मैं आपकी आवाज के साथ आपका सहयोग करूंगा

## सड़कों पर जगह जगह खड्डे व नालिया अवरूद्ध होने से सड़को पर बहता गंदा पानी


कानून व्यवस्था



**योगेश कुमार गुप्ता** बस्सी बांसखोह कस्बा स्थित बस स्टैंड के पास स्कूल वाली गली में स्कूल के पास नालियां अवरुद्ध होने से सड़क पर चारों तरफ बह रहा गंदा पानी, सड़क पर जगह जगह खड्डे भी हो रहे है इसके बारे में ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रशासन को अवगत करवाया लेकिन आज तक कोई भी कारवाई नहीं हुई जबकि इस सड़क से दिन भर सैकड़ों लोग गुजरते है लेकिन कोई ध्यान नहीं देते इस मामले को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है उनका कहना है कि एक तरफ तो स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं जबकि बांसखोह में चारों तरफ नालियां अवरुद्ध हो रही है जिससे सड़क पर गंदा पानी बह रहा है इसके बारे में ग्राम पंचायत बांसखोह के प्रशासक सुमन शर्मा का कहना है कि सफाई कर्मचारी को बोलकर तुरंत सुचारू रूप से सफाई करवाई जाएगी

## *पूर्व सदर मौहम्मद मंजूर ने बालिका आवासीय मदरसा का लिया जायज़ा

कानून व्यवस्था



**बाड़मेर**- *जिले के जैसलमेर रोड तिलक नगर स्थित दारुल उलूम गुलशन ए खदीजतुल कुबरा बालिका आवासीय मदरसा तिलक नगर बाड़मेर का पूर्व सदर मुस्लिम इंतजामिया कमेटी बाड़मेर के मोहम्मद मंजूर कुरैशी ने गुरुवार को दारुल उलूम का जायज़ा लिया । उन्होंने यहां पर पढ़ रही 150 बालिकाओं के पढ़ाई के बारे में चर्चा की और दारुल उलूम के नाजिमे आला मौलाना मीर मोहम्मद साहब अकबरी और समस्त स्टाफ का हौंसला अफजाई करते हुए उन्होंने तालीम की सराहना की और मौलाना मीर मोहम्मद साहब से तालीम के तालुक से विस्तृत जानकारी ली । पूर्व सदर साहब ने बताया कि नाजिमे आला मौलाना मीर मोहम्मद साहब से मेरा अच्छा दोस्ताना रिश्ता है मौलाना साहब अच्छे तरीके से कौम की बच्चियों को बेहतरीन तालीम दे रहे हैं। । इस मौके पर मौलाना मीर मोहम्मद अकबरी, कारी शकरुदीन साहब लुणु, शेर खान नोहड़ी, कंप्यूटर ऑपरेटर साले मोहम्मद खान, अला बचाया दल, मोहम्मद अली सर, प्रधानाध्यापक सिकंदर अली हाफ़िज़ सुब्हान खान आदि कई लोग मौजूद रहे ।

## अधिशाषी अधिकारी अनीता कुमारी का किया स्वागत

कानून व्यवस्था



कुमार प्रवीनबयाना। महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा एवं विकास समिति बयाना की ओर से नव पदस्थापित नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अनीता कुमारी का बयाना पदभार संभालने के बाद राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा, माला एवं शॉल उढाकर भव्य स्वागत किया।नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अनीता कुमारी ने सैनी समाज व कुशवाह समाज के सभी गणमान्य जनों का आभार प्रकट किया । इस अवसर पर सैनी समाज एवं कुशवाह समाज से समिति अध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष प्रहलाद सैनी, सचिव वेद प्रकाश सैनी, कोषाध्यक्ष मनोज सैनी, रुक्मण सिंह, धर्म सिंह सैनी, गोविंद सैनी, प्रेम सिंह कुशवाह, रमेश चंद कुशवाह, श्रीमती इंदिरा सैनी, लक्ष्मी कुशवाह, सुषमा सिंह, अशोक सैनी, देवेन्द्र,मदन सैनी, योगेश कुशवाह सहित बड़ी संख्या में सैनी व कुशवाह समाज के गणमान्य जन मौजूद रहे।

## कमलेश बैरवा प्रदेश कांग्रेस स्ष्ट विभाग में कोषाध्यक्ष नियुक्त

कानून व्यवस्था



**चाकसू** - नगर पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की कार्यकारिणी में प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर है। कार्यकर्ता हरीश बैरवा ने बताया कि कमलेश बैरवा की संगठन में नई जिम्मेदारी से एससी विभाग और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि बैरवा के अनुभव, दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा समाजहित के कार्यों में गति आएगी प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर चेयरमैन कमलेश बैरवा ने प्रदेश शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरने के लिए वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। बैरवा ने कहा कि संगठन की मजबूती और समाज के उत्थान के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## अरंडी की कच्ची फसल खाने से पांच गौवंश की मृत्यु होना

कानून व्यवस्था



**फतेहगढ़** जैसलमेर गांव कोड़ियासर पुलिस थाना सांगड में गायों की अप्राकृतिक मृत्यु की सूचना पर पुलिस थाना सांगड का जाब्ता मौके पर पहुंचा। तहसीलदार फतेहगढ़ और पशु चिकित्सा अधिकारी फतेहगढ़ और देवीकोट भी मौके पर पहुंचे।प्रथम दृष्टया अरंडी की कच्ची फसल खाने से गौवंश की मृत्यु होना पशुचिकित्सा टीम ने बताया। कुल पांच गोवंश की मृत्यु हो गई जिसमें तीन गाएं पालतू और 2 निराश्रित बैल है,और चार गौवंश को बचाया गया।पशु चिकित्सा टीम के मेडिकल बोर्ड द्वारा मृत गोवंश का पोस्टमार्टम किया गया। गौवंश मालिक गुलसेर खान और हमीद खान ने गौवंश की अप्राकृतिक मृत्यु संबंधी रिपोर्ट पेश की गई जिस पर पुलिस जांच शुरू की गई। मृत गौवंश को बाद चिकित्सकीय कारवाई के नजदीकी सरकारी जमीन में दफनाया गया। 4 गौवंश को स्थानीय लोगों द्वारा उपचार से बचाया गया। मौके पर पुलिस जाब्ता और प्रशासन उपस्थित रहे, पूर्णतया शांति है।

## सड़कों पर जगह जगह खड्डे व नालिया अवरूद्ध होने से सड़को पर बहता गंदा पानी


काननू व्यवस्था



**योगेश कुमार गुप्ता** बस्सी बांसखोह कस्बा स्थित बस स्टैंड के पास स्कूल वाली गली में स्कूल के पास नालियां अवरुद्ध होने से सड़क पर चारों तरफ बह रहा गंदा पानी, सड़क पर जगह जगह खड्डे भी हो रहे है इसके बारे में ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रशासन को अवगत करवाया लेकिन आज तक कोई भी कारवाई नहीं हुई जबकि इस सड़क से दिन भर सैकड़ों लोग गुजरते है लेकिन कोई ध्यान नहीं देते इस मामले को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है उनका कहना है कि एक तरफ तो स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं जबकि बांसखोह में चारों तरफ नालियां अवरुद्ध हो रही है जिससे सड़क पर गंदा पानी बह रहा है इसके बारे में ग्राम पंचायत बांसखोह के प्रशासक सुमन शर्मा का कहना है कि सफाई कर्मचारी को बोलकर तुरंत सुचारू

## पत्रकार सुनील जैन के जन्म दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व हनुमान चालीसा का कार्यक्रम

कानून व्यवस्था



मेरा अधिकार संस्था की ओर एवं नया सवेरा लाइफ केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 5 दिसंबर पर कोटे वाले भेरुजी का मंदिर अजमेरी गेट मुख्य द्वार जयपुर में समाजसेवी पत्रकार सुनील जैन के जन्म दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ का आयोजन रखा गया उन्होंने जानकारी दी की प्रातः 10:00 बजे से 3~00 तक रक्तदान शिविर व दोपहर 3~30 बजे से हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ का आयोजन किया जा रहा है सभी आने वाले भक्तों को हनुमान चालीसा व काउंटिंग मशीन प्रदान की जाएगी तथा 20 जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री कॉपियां पैन ज्योमेट्री बॉक्स वितरित किए जाएंगे अंत में 11 महादीपो की आरती भी की जाएगी प्रसाद भी ग्रहण होगा

## पूर्व प्रधान ने गोपालपुरा से कासेरा बालाजी के लिए झंडा रवाना किया

कानून व्यवस्था



बालेर 7 आज पूर्व प्रधान गिर्राज गुर्जर ने गोपालपुरा पहुंचकर पूरे विधि-विधान से पूजन कर कासेरा वाले बालाजी के लिए झंडा रवाना किया। इस मौके पर समस्त गोपालपुरा वासियों ने अतिथियों का स्वागत किया लेकिन वहां कुछ ऐसा देखने को मिला जिससे कि समाज मे त्याग समर्पण की भावना जाग्रत हो जाती है। इस अवसर पर अतिथियों का सम्मान हो रहा था इसी बीच गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर को भी सम्मान के लिए बुलाया गया तब उन्होंने गांववासियों से कहां की उन्होंने कुशालीदर्रा कर्नल बैंसला की मूर्ति स्थापित नहीं हो जाती तब तक साफा माला नहीं पहनने की कसम खा रखी है। गांववासियों के निवेदन पर उन्होंने माला साफा को माथे से लगाकर उनके सम्मान को स्वीकार किया ।इस मौके पर पूर्व प्रधान गिर्राज गुर्जर,डां नीतिश गुर्जर, गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर,किसान संघ अध्यक्ष बद्रीलाल गुर्जर,पूर्व डायरेक्टर रामचरण गुर्जर,वीपी सिंह गुर्जर,पूर्व सरपंच रवि शेखावत ,मदन गुर्जर,मेमराज गुर्जर सहित सर्व समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

# सांपों के रेस्क्यू का शौक, अब तक सैकड़ों को बचाया..

कानून व्यवस्था



**अजय कुमार** जवाली /गुंदोज। केशव नगर लाईब्रेरी में जहरीला कोबरा सांप घुस आया, जिससे लाईब्रेरी के बच्चों में हड़कंप मच गया, लाईब्रेरी के मुख्य संचालक चेनाराम ने स्नेक कैचर गजेन्द्र सिंह मंडली को फोन करके बुलाया या ।लाईब्रेरी की संचालिका रोशन सोलंकी ने जैसे ही आफिस में कोबरा सांप देखा तो तुरंत सभी छात्रों को सूचित कर स्नेक कैचर को बुलाया सांप को देखते ही स्नेक कैचर को बुलाया जिसने मौके पर पहुंचकर करीब 2 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सांप का रेस्क्यू किया. इस दौरान सांप को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ लग गई थी. स्नेक कैचर गजेन्द्र सिंह मंडली ने बताया कि वह 25 साल से सांप पकड़ने का काम कर रहे हैं. सांप पकड़ने के साथ-साथ राजस्थानी फिल्मों को प्रोडक्शन भी करते हैं गजेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि सांप पकड़ने के लिए वो जिलों के सभी क्षेत्रों में गए हैं सांप को पकड़ने के बाद वह उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाता है उन्हें बताया कि अभी तक कोबरा, गेहूंमन, रसल वाइपर, सकरा, करैत, पानी वाली सांप, दो मुंह वाला सांप और ब्लेक कोबरा समेत दर्जनों प्रजाति के सांप को पकड़ चुके हैं।

# श्री लंकापुरी बालाजी धाम में बड़ी धूमधाम से मनाया गया पूर्णिमा महोत्सव



कानून व्यवस्था

सीकर।सीकर के श्री लंकापुरी बालाजी धाम में गुरुवार को सायं 3 बजे से पूर्णिमा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।कमेटी प्रभारी ज्योति तनवानी ने बताया कि कमेटी अध्यक्ष विशाल पारीक के नेतृत्व में भव्य भजन संध्या और मंगल गीतों का आयोजन हुआ। भजनों की प्रस्तुति में भजन गायिका संतोष खंडेलवाल पंडित अभिजीत शर्मा, योगेश शर्मा,रवि सोनी,सरोज शर्मा और की प्रस्तुतियों ने सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया।इसी के साथ बालाजी महाराज का खजाना निकाला गया।कार्यक्रम में राजकुमार पारीक,दीपक दाधीच,गिरीश सोमानी,माधव पारीक के.पी मिश्रा,राजेश शर्मा बाबूलाल सैनी,अलका माथुर,कामिनी सोमानी,संगीता मोदी,सुमित्रा शर्मा,सुमन जांगिड़,मोनिका मोदी,विनीता कालरा,अंनु,पायल कुमावत,पायल सोनी,सरिता पेशवानी,रमा माथुर आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ ने किया थाना शालीमार गार्डन के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण का उद्घाटन

कानून व्यवस्था



**आनन्द गुप्ता/अनवार खाँ मोनू** गाज़ियाबाद। थाना शालीमार गार्डन कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के परिसर के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण कार्य का आज भव्य उद्घाटन पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाज़ियाबाद श्री जे. रविन्द्र गौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।उद्घाटन समारोह में पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ ने कहा कि ÷थाना परिसर का यह नया स्वरूप पुलिस और जनता दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। आधुनिक सुविधाओं और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर से न केवल पुलिस कर्मियों के कार्य करने की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि आम जनता को भी त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवा मिल सकेगी। हमारा लक्ष्य है कि पुलिस व्यवस्था को पूरी तरह प्रोफेशनल, संवेदनशील और लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया जाए।÷अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय केशव कुमार चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ÷थाना शालीमार गार्डन का उन्नयन पुलिस व्यवस्था की मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि नए वातावरण में पुलिस सेवाओं के मानक और भी बेहतर होंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था एवं अपराध) आलोक प्रियदर्शी , पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन) निमिष पाटिल एवं सहायक पुलिस आयुक्त (शालीमार गार्डन) अतुल कुमार सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बसवा उपखंड अधिकारी ने ब्लाक स्तरीय आवश्यक सेवाओं की समीक्षा मिटीग ली

कानून व्यवस्था



**बसवा /** उपखंड मुख्यालय पर गुरुवार को दिनांक 04.12.2025 को उपखंड कार्यालय में आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी बसवा रविकांत सिंह की अध्यक्षता में किया गया बैठक में समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादो का संतुष्टि पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए साथ ही आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए उपखंड अधिकारी ने सतर्कता प्रकरणों में शीघ्र रिपोर्ट भिजवाने के लिए निर्देशित किया द्य बैठक में अन्नू शर्मा तहसीलदार बसवा, हजारीलाल बेरवा विकास अधिकारी, बनवारी लाल ब्लॉक अति. मुख्य शिक्षा अधिकारी, लक्ष्मण स्वरूप गुप्ता ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाबू लाल नायब तहसीलदार गुढाकटला मोनिका मीणा कनिष्ठ अभियंता pwd अशोक सैनी जलदाय विभाग राहुल गौतम प्रोग्रामर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग एवं अन्य समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री चम्पेश्वर महादेव मंदिर चाकसू मे विशाल राम कथा का होगा आयोजन

कानून व्यवस्था

चाकसू (लोकेश कुमार गुप्ता )श्री चम्पेश्वर महादेव मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, चाकसू मे विशाल राम कथा का आयोजन 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक विशाल रामकथा का आयोजन होगा। कथा वाचक पंडित श्री रामशरण महाराज श्री वृन्दावन धाम कथा करेंगे। सुबह 9~30बजे महिलाओं के द्वारा विशाल कलशयात्रा निकाली जायेगी ।कलशयात्रा श्री गोपीनाथ मंदिर मनोहरा तलाब से रवाना होकर कथा स्थल चम्पेश्वर महादेव मंदिर पहुचेगी बैंड बाजेके साथ विशाल कलशयात्रा निकाली जायेगी । कलशयात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया जायेगख कथा का समय दोपहर 12 बजे से साय 4 बजे तक होगी ।नौ दिवसीय कथा श्री चम्पेश्वर महादेव मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, चाकसू मे होगी।श्री चम्पेश्वर महादेव मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, चाकसू समिति सदस्यों के द्वारा होने वाली रामकथा आयोजन के लिए मिटिंग आयोजित की ।इसके लिए मीटिंग का आयोजन भी हुआ।।श्री चम्पेश्वर महादेव मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, चाकसू समिति के अध्यक्ष - रामकिशोर सोनी ,सचिव - दिनेश शर्मा ,कोषाध्यक्ष - मीठालाल शर्मा ,गजानंद शर्मा, धर्मराज शर्मा, निधि जैन, तारा चंद साहू उपस्थित रहे

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने स्वेटर वितरण किए

कानून व्यवस्था



**चूरू,** पोटी गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में 107 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटरों का वितरित की गई। किया गया इस अवसर पर मुरारीलाल सराफ की पुण्य स्मृति में भरत सराफ के सौजन्य से सोसायटी के श्याम सुंदर शर्मा, सचिव रघुनंदन शर्मा एवं जगदीश प्रसाद शर्मा आदि ने स्वेटर वितरित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के एडीओ बृजेंद्र दाधीच ने की इस मौके पर श्यामसुंदर शर्मा ने रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से विद्यालय में आगामी सत्र में समस्त विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण करने की घोषणा की। समिति के सचिव रघुनंदन शर्मा ने कार्यों की जानकारी दी। समिति के कार्यक्रम संयोजक जगदीश प्रसाद शर्मा ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से संचालित सुविधाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर महावीर प्रसाद पूनिया, नरेंद्र सिंह राठौड़, सांवरमल जांगिड़, मुमताज खान, सुभान खान, अनिल शर्मा आदि ने विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने का संकल्प लिया। वरिष्ठ अध्यापक हंसराज सांवा, व्याख्याता डिंपल स्वामी, वसीम खान, नसीम बानो, संजू सरावग, जाकिर खान और सुरेश कुमार आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

# नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा 10 केन्टर सामान जब्त

काननू व्यवस्था



जयपुर, 04 दिसंबर। नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में एनआर मार्ट के सामने खातीपुरा रोड़, झोटवाड़ा पुलिया, शनि मंदिर के सामने, वैशाली नगर, आम्रपाली सर्किल नर्सरी पार्क के पास से, एसएमएस ट्रोमा सेन्टर मालवीय नगर जीटी जेएलएन मार्ग, बड़ी चौपड़, रामगंज बाजार, रामगंज चौपड़, घोड़ा निकास रोड, रामगंज मार्ग, झारखंड मोड़, मोती कटला बाजार रोड, बड़ी चौपड, जोरावर सिंह गेट, ब्रह्मपुरी रोड, सांगानेरी गेट, जलमहल कच्चा रास्ता, पुरानी कोतवाली, सूरजपोल, रामगढ़ मोड़, नाहरगढ़, मानसागर, दिल्ली बाईपास, मीरशाह के पास, खोले के हनुमान जी। गलता गेट, बांके बिहारी, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार, जौहरी बाजार आदि स्थलों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 39 हजार 900 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 10 केन्टर सामान जब्त किया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी

# नियम विरुद्ध एपीओ करने के आदेश पर अधिकरण ने लगाई रोक

कानून व्यवस्था

**शाहपुरा न्यूज –** राजस्थान पशु कमर्चारी संघ के अध्यक्ष डॉ छोटू राम को नियम विरुद्ध एपीओ करने के आदेश पर राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण(रेट) ने रोक लगा दी है तथा पशुपालन विभाग के शासन सचिव, उप शासन सचिव सहित दो अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता डॉ छोटु राम के अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि प्रार्थी वर्तमान में पशुधन प्रसार अधिकारी के पद पर कार्यरत है। पशुपालन विभाग के निदेशक ने 10 सितंबर 2025 को आदेश जारी कर प्रार्थी को कार्यालय संयुक्त निदेशक पशु प्रशिक्षण संस्थान जोधपुर से एपीओ कर दिया और एपीओ काल में प्रार्थी को उपस्थिति देने के लिए भरतपुर मुख्यालय कर दिया गया। अधिवक्ता कलवानिया ने सुनवाई के दौरान दलील कि विभाग ने प्रार्थी को बिना प्रशासनिक आवश्यकता के नियम विरुद्ध एपीओ किया है और एपीओ आदेश में नियमों की अवहेलना की गई है लिहाजा प्रार्थी के एपीओ आदेश को निरस्त किया जाए। इस पर अधिकरण की बेंच ने एपीओ आदेश पर रोक लगाकर प्रार्थी को राहत दी है ।

# धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव 'रेट्रो टू मेट्रों' एवं 'एम.पी.एस. ऑवर लिविंग प्लेनेट'।

कानून व्यवस्था



दिनांक 2 और 3 दिसंबर, 2025 को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल एवं एम.पी.एस. संस्कृति तिलक नगर, जयपुर का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एम.पी.एस. जवाहर नगर के तक्षशिला सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. नरेश जी सोमानी, डायरेक्टर ऑन्कोलॉजी एवं एच.ओ.डी. मेडिकल ऑन्कोलॉजी एच.सी.जी. कैंसर सेन्टर, मानसरोवर एवं डॉ राधिका अग्रवाल के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने मनमोहक वाणी में ईश वंदना की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री उमेश जी सोनी, वाइस चेयरमैन श्री निर्मल जी दरगड़, महासचिव शिक्षा श्री कमल जी सोमानी एवं अन्य पदाधिकारिगण ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा सत्रपर्यंत शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। बाल कलाकारों ने 'रेट्रो टू मैट्रो' थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाभारत काल से लेकर आधुनिक काल तक की प्रगति को विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों द्वारा साकार किया। छात्र-छात्राओं ने वार्षिकोत्सव की थीम 'एम.पी.एस. ऑवर लिविंग प्लेनेट' पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, शिव स्तुति, लघुनाटिका तथा एम.पी.एस. की सुखद प्रगति यात्रा की प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

# प्रेस क्लब गोटन का गठन, अशोक सोलंकी अध्यक्ष चुने गए

कानून व्यवस्था



**गोटन–** गोटन कस्बे के परिक्षेत्र के पत्रकारों को एकजुट कर मजबूत मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रेस क्लब गोटन की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को शिवराम वंशम रिसॉर्ट में आयोजित हुई। गोटन परिक्षेत्र के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए सर्वसम्मति से प्रेस क्लब गोटन की नींव रखी।बैठक में संगठन की प्रथम कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार सोलंकी को अध्यक्ष पद की बागडोर सौंपी गई। महेंद्र मेघवाल को उपाध्यक्ष, दिनेश कड़वासरा को सचिव, सुरेश सरगरा को सहसचिव तथा रामकुमार बांगड़ा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं नरोत्तम जारोडियां को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।बैठक में मौजूद पत्रकारों ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि प्रेस क्लब गोटन क्षेत्र की पत्रकारिता को सशक्त दिशा प्रदान करेगा।

# अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर एक दिवसीय दिव्यांग मेला आयोजित

कानून व्यवस्था



**( माणकमल भंडारी )** भीनमाल। स्थानीय खेतावत सेवा सदन में ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र एवं दिव्यांग सेवा प्रभाग माउन्ट आबू के संयुक्त तत्वावधान में सुन्दर बिजनेस मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से दिव्यांग जनों के लिए एक दिवसीय मेला आयोजित किया गया । भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित, पूर्व विधायक पुराराम चौधरी, पालिका पूर्व अध्यक्ष सांवलाराम देवासी, पूर्व जिला प्रमुख गिरधरकंवर दासपां, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र की ब्रह्माकुमारी डा. गीता बहन ने की। ब्रह्माकुमारी डा. गीता बहन ने मेहमानों एवं भामाशाहों का परिचय करवाते हुए सभी महानुभावों का आभार प्रकट किया। उन्होंने दिव्यांग जनों के विभिन्न किस्से समझाते हुए दिव्यांग जनों का हौसला बढ़ाते हुए शब्दों के माध्यम से स्वागत सत्कार किया। भामाशाह सुन्दर बिजनेस मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मालिक भगवती शर्मा ने कहा कि वे ईश्वर को धन्यवाद देते हैं कि मुझे दिव्यांग भाई बहनों की सेवा का सुअवसर प्रदान हुआ ।

# प्रिया भागवानी बनी स्टेक वॉक फैशन शो की ब्रांड एम्बेसडर ।

कानून व्यवस्था



जयपुर (मेहुल माथुर ) ।। गोल्ड इवेंट्स ने आगामी 9 दिसम्बर को होटल वी वन प्राइड मैं होने वाले कार्यक्रम स्टेक वॉक फैशन शो के लिए प्रिया भागवानी को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। प्रिया भागवानी वेलनान इमेज कंसलटेंट और फैशन स्टाइलिस्ट हैं, प्रिया ने सामाजिक विकास के तौर पर भी उल्लेखनीय कार्य किये हैं, एवं महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बनी हुई हैं, बिजनेस और सामाजिक क्षेत्र में किये गये उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियां महिलाओं और बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं इस वजह से संस्था ने प्रिया को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है

# चाकसू में लाईफ केयर हॉस्पिटल में फिर से होंगे (चिरंजीवी) नि:शुल्क इलाज

कानून व्यवस्था



चाकसू (लोकेश कुमार गुप्ता)।चाकसू लाईफ केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ ईरफान मोहम्मद ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (चिरंजीवी) से फिर होंगे निः शुल्क ईलाज, आस पास के लोगों ने हॉस्पिटल चालू होने की खुशी में ग्रामीणों ने हॉस्पिटल के डायरेक्टर को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया, हॉस्पिटल के डायरेक्टर इरफान मोहम्मद ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा, इसमें आप सभी का ही सहयोग महत्वपूर्ण रहा है आप सभी के सहयोग के बिना मैं कुछ भी नहीं कर पाता इसमें मेरी सफलता नहीं आप सब की सफलता हुई है चिरंजीवी से अनेक बीमारियों का निः शुल्क ईलाज, पथरी का ऑपरेशन, हर्निया, गुर्दे की पथरी, अपेंडिक्स, आर्थोपेडिक (हड्डी जोड़ एवम् स्पाइन रोग), ईएनटी (कान, कान, गला) जनरल सर्जरी (पित्त की थैली, पाइल्स का इलाज, आंतो के फटने इलाज) निः शुल्क ईलाज एवं भर्ती भी किया जाता है जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभ मिलता है ऑपरेशन से डिलेवरी, एवं नॉर्मल डिलेवरी की सुविधा भी उपलब्ध है।

# रजिस्ट्री कार्यालय बंद रहे, रैली निकाल कर विरोध दर्ज कराया

## मांगे नहीं माने जाने तक हड़ताल जारी रहेगी, अब नहीं होगी सोसायटी पट्टों की रजिस्ट्री

## विरोध में उतरे वकील, कहा-कानून वापस नहीं लेने तक जारी रहेगा आंदोलन

## प्रेस विज्ञप्ति में बार अध्यक्ष एडवोकेट गजराज सिंह ने कहा ही अभी केवल जयपुर में रही हड़ताल आगे की रणनीति तय की जाएगी



कानून व्यवस्था

रजिस्ट्रीकरण (राजस्थान संशोधन) अधिनियम 2021 के विरोध में वकील गुरुवार को सड़कों पर उतर गए. जयपुर के सभी उप पंजीयक कार्यालयों में गुरुवार को रजिस्ट्री कार्य बंद कर दिए गए. सोसायटी पट्टों से रजिस्ट्री नहीं किये जाने के विरोध में जिले के सभी उप पंजीयक कार्यालय एवं राजस्व न्यायालयों में कार्य स्थगित किया गया है.वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर और कलेक्ट्रेट सर्कल के चारों तरफ रैली निकाली और सरकार के खिलाफ विरोध जताया. रजिस्ट्री करने वाले वकील संशोधन अधिनियम के प्रावधानों को वापस लेने की मांग को लेकर कर रहे हैं. रजिस्ट्रीकरण (राजस्थान संशोधन) अधिनियम 2021 की अधिसूचना के प्रावधान लागू होने से अब सोसायटी पट्टों की रजिस्ट्री नहीं होगी. अधिनियम में संशोधन कर कोलॉनी का 90 ए में भू रूपांतरण होना अनिवार्य किया गया है. इसमें एससी-एसटी, कृषि भूमि के गलत बेचान पर भी लगाम लगाई गई है.

## छांदेल कला गांव में रोज़ बह रहा सैकड़ों लीटर पानी स्टेट हाइवे पर हुए गहरे गड्ढे।

कानून व्यवस्था



**चाकसू (निस)** चाकसू-दौसा स्टेट हाइवे - 2 पर छांदेल कलां में बिसलपुर पानी सप्लाई की मुख्य पाइप लाइन दो से तीन स्थानों पर दिनभर रिसाव दे रही है, जिससे रोजाना सैकड़ों लीटर %अमृत% जैसा कीमती पानी सड़क पर बह रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सूचना देने के बावजूद जिम्मेदार विभाग मरम्मत में गंभीरता नहीं दिखा रहा। पाइप लाइन लीक से सड़क पर बड़े-बड़े खड्डे बन गए हैं, जिनमें गिरकर राहगीर और दुपहिया वाहन चालक आए दिन चोटिल हो रहे हैं।क्षेत्रवासियों ने रोष जताते हुए कहा कि जहां पीने के लिए पानी की कमी है, वहीं अधिकारी सड़कों पर बह रहे पानी को देखकर भी आंखें बंद किए हुए हैं। स्टेट हाइवे से रोजाना गुजरने वाले अधिकारी भी समस्या देखकर चुपचाप निकल जाते हैं। रात के समय पानी से भरे गड्ढों में दुपहिया वाहन बुरी तरह फिसल रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।लोगों ने विधायक और उपखंड अधिकारी से तुरंत संज्ञान लेने एवं पाइप लाइन की मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## 2026 में ममता को छोड़ मुस्लिम मुख्यमंत्री चाहते हैं मुसलमान

कानून व्यवस्था



**पश्चिम बंगाल** में राजनीतिक परिदृश्य में लगातार बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जहां 100 से अधिक विधानसभा सीटों पर मुस्लिम वोट निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। यह वोट बैंक अब किसी एक नेता या पार्टी की गुलामी करने के बजाय अपनी शर्तें पेश कर रहा है और अपने हितों के अनुसार चुनाव लड़ने-हरने का निर्णय ले रहा है। पिछले कुछ समय से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के भीतर भी इस मतदाता वर्ग के कारण उथल-पुथल चल रही है। ममता बनर्जी खुद हमेशा मुस्लिम वोटरों के पक्ष में मजबूत रुख रखती आई हैं, लेकिन हाल में जब उन्होंने वक्फ कानून को लेकर अपनी सहमति दी, तब उनके खुद के मुस्लिम नेता और मंत्री इसका विरोध करने लगे। इसने तृणमूल कांग्रेस के भीतर गहरे मतभेदों को उजागर किया है। मुस्लिम नेताओं की इस असंतोष की लहर ने ममता की राजनीतिक स्थिरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि पश्चिम बंगाल के मुसलमान अब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर किसी मुस्लिम चेहरे को देखना चाहते हैं जो उनकी बातों को आसानी से समझ सके। अगले वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी को लेकर सीएम का सपना देख रहे कुछ मुस्लिम नेता अपनी इच्छाओं को परवान देने में लगे हैं।

## रजलानी में अनिश्चितकालीन धरना जारी

कानून व्यवस्था



भोपालगढ़ (सुनील पाड़ीवाल)। क्षेत्र के रजलानी गांव में विभिन्न जनहित की मांगों को लेकर ग्राम प्रशासक पारस गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने के दौरान आला अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों व महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर जमकर नारेबाजी की।रजलानी ग्राम प्रशासक पारस गुर्जर ने बताया कि स्टेट हाईवे 145 से जुड़ी लंबित समस्याओं, सड़क, बिजली, पेयजल व विद्यालय में रिक्त पदों को भरने के लिए ग्रामीणों के साथ दिया जा रहा धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। जब तक हमारी जनहित की सारी मांगे पूरी नहीं की जाएगी तब तक हम धरने पर ही बैठे रहेंगे। धरने के दौरान पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता व विद्युत विभाग के सहायक अभियंता ने मौके पर पहुंचकर हमें आश्वस्त जरूर किया था परंतु अभी तक धरातल पर कुछ भी कार्य शुरू नहीं किया है। जिसको लेकर प्रशासक पारस गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की। धरने के दूसरे दिन गुरुवार को भी सैकड़ों महिलाएं व पुरुषों की मौजूदगी रही।

## ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, बाजारों में दिनभर लगता रहता है जाम,

कानून व्यवस्था



बांदीकुई / सुमित कुमार बैरवा।। शहर में रोजाना लगता घंटों जाम लेकिन पुलिस एवं नगर पालिका प्रशासन आराम फरमा रहे है, शहर की यातायात व्यवस्था राम भरोसे, आये दिन समाचार पत्र के माध्यम से भी स्थानीय प्रशासन को जागने की जा रही कोशिशे लेकिन इनके जूं तक नहीं रेंग रही है। शहर में बार-बार जाम लगने से खासकर स्कूली बसों एवं इमरजेंसी वाहनों का फंसना एक बड़ी अनहोनी का संकेत देना है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही ना करना अतिक्रमण को बढ़ावा देना सिद्ध हो रहा है जिससे आमजन इस गहरी समस्या से त्रस्त है। आमजन का कहना-शहर में आए दिन लगता जाम नासूर सा बन गया है क्या कारण स्थानीय प्रशासन क्यों गहरी नींद में सोया हुआ है? क्यों अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्यवाही नहीं कर रहा है?

## 10 नवंबर से अब तक 760 से अधिक निराश्रित पशुओं को पकड़कर पहुंचाया हिंगौनिया गौशाला

कानून व्यवस्था



**जयपुर,** नगर निगम जयपुर की पशु प्रबंधन शाखा एक्शन मोड में है। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश के बाद टीम द्वारा अभियान चलाकर निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौ-पुनर्वास केन्द्र हिंगौनिया गौशाला भेजा जा रहा है। हाल ही में हवामहल आमेर जोन में अवैध पशु डेयरी संचालित हो रही थी जिसे भी नगर निगम की टीम द्वारा हटाया गया तथा चेतावनी दी गई थी कि भविष्य में अवैध संचालन पाये जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।उपायुक्त पशु प्रबंधन सीमा शर्मा ने बताया कि वर्तमान में आश्रयहीन, बेसहारा पशुओं को पकड़ने का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। 10 नवंबर 2025 से अब तक 760 से अधिक निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौ-पुनर्वास केन्द्र हिंगौनिया गौशाला में अवरूद्ध करवाया गया है इसी के साथ 2293 मृत पशुओं को उठवाकर निस्तारण करवाया गया है। 386 उत्पादी बंदरों को पकड़कर शहर से दूर अन्य प्राकृतिक वातावरण में छुड़वाया गया है।इसी के साथ 608 बीमार, घायल पशुओं को एम्बुलेंस वाहन द्वारा उठवाकर चिकित्सा सहायता के लिये हिंगौनिया पहुंचाया गया तथा 19 निराश्रित पशुओं को राजमार्गों से पकड़कर गौ-पुनर्वास केन्द्र हिंगौनिया गौशाला भिजवाया गया। 1581 श्वानों का बंधीयाकरण एवं टीकाकरण (एबीसी कार्यक्रम) किया गया।

खेजड़ी काटने पर कड़ी सजा,भारी जुर्माना लगाने की तैयारी

## सरकारी-निजी प्रोजेक्ट के लिए खेजड़ी काटने पर 10 गुना नई लगानी होगी, प्रावधान बदलने बिल जल्द

कानून व्यवस्था



**जयपुर।** राजस्थान सरकार खेजड़ी काटने की बढ़ती घटनाओं के बाद अब कड़ा कानून बना सकती है। बिना मंजूरी कहीं से भी खेजड़ी काटने पर कड़ी सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान लागू करने की तैयारी है। सरकारी और निजी प्रोजेक्ट्स के लिए खेजड़ी काटने की मंजूरी देने के लिए भी कड़ी शर्तें जोड़ी जाएंगी। इसमें एक के बदले 10 गुना नई खेजड़ी लगाने की शर्त लागू होगी।

सरकार में उच्च स्तर पर चर्चा के बाद नए प्रावधान लागू करने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए दो मौजूदा कानूनों में संशोधन होगा। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इस ड्राफ्ट को कैबिनेट में रखा जाएगा।विधानसभा के बजट सत्र में खेजड़ी काटने पर रोक के लिए सख्त प्रावधान वाले दो संशोधन बिल लाने की तैयारी है। भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 94 और राजस्थान काश्तकारी अधिनियम में संशोधन करने की तैयारी चल रही है।

### पश्चिमी राजस्थान में सोलर प्रोजेक्ट के लिए बड़ी संख्या में खेजड़ी की कटाई पर विवाद

पश्चिमी राजस्थान में सोलर प्रोजेक्ट के लिए बड़ी संख्या में खेजड़ी काटने की घटनाएं लगातार सामने आई हैं। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर कई बार विवाद हुए हैं। खेजड़ी काटने के खिलाफ पर्यावरण संगठनों और नेताओं ने भी आंदोलन और धरने प्रदर्शन तक किए हैं।

## 8 लाख में खरीदा था एसआई भर्ती का पेपर, गिरफ्तार

# एग्जाम से पहले पढ़ा पेपर, संयुक्त मेरिट में आया था 474वां स्थान, सलेक्शन नहीं हुआ

कानून व्यवस्था



**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में एक अभ्यर्थी को अरेस्ट किया है। आरोपी ने 8 लाख रुपए में एग्जाम से पहले पेपर खरीदकर पढ़ा था। संयुक्त मेरिट में 474वां स्थान आने के बाद भी इंटरव्यू में उसका सलेक्शन नहीं हुआ था। एसओजी गिरफ्तार अभ्यर्थी से फिलहाल पूछताछ कर रही है।

वहीं एसआई भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार होने वाले आरोपियों की कुल संख्या 133 पहुंच गई है।

एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया- एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के अभ्यर्थियों की जांच के बाद अभ्यर्थी महेंद्र कुमार चौधरी (34) निवासी नाडा की ढाणी सामोद जयपुर ग्रामीण को अरेस्ट किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी महेंद्र कुमार चौधरी ने पेपर लीक के सरगना विनोद कुमार जाट उर्फ विनोद रेबाड़ से 8 लाख रुपए में सौदा किया। इस सौदे के तहत उसने 14 सितंबर 2021 को परीक्षा से पहले दोनों पारियों के हल किए पेपर पढ़े थे।

### अंकों से खुली पोल

लीक पेपर पढ़ने के आधार पर ही आरोपी महेंद्र कुमार चौधरी ने लिखित परीक्षा में चौंकाने वाले अंक प्राप्त किए। उसने हिंदी सब्जेक्ट में 200 में से 137.21 अंक और सामान्य ज्ञान विषय में 200 में से 158.59 अंक हासिल किए। हालांकि संयुक्त मेरिट में 474वां स्थान आने के बावजूद ओबीसी कैटेगरी में उसका अंतिम चयन नहीं हो पाया था।

### अन्य परीक्षाओं के लीक में भी था सक्रिय

एसओजी ने आरोपी महेंद्र कुमार चौधरी को 2 दिसंबर को अरेस्ट कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर 8 दिसंबर तक एसओजी रिमांड पर सौंपा गया। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि महेंद्र कुमार चौधरी केवल एसआई भर्ती परीक्षा के पेपर लीक तक सीमित नहीं था। वह मुख्य सरगना विनोद कुमार जाट के साथ मिलकर अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक प्रकरणों में भी सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

### नेटवर्क तोड़ने की कवायद जारी

इस गिरफ्तारी के साथ ही एसआई भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार होने वाले आरोपियों की कुल संख्या 133 पहुंच गई है। एसओजी अब पूरे नेटवर्क के वित्तीय लेनदेन, बिचौलियों और इसमें शामिल अन्य अभ्यर्थियों की परत-दर-परत जांच कर रही है। इससे राजस्थान में सरकारी भर्ती परीक्षाओं को प्रभावित करने वाली इस संगठित आपराधिक गतिविधि का पूर्ण रूप से पर्दाफाश किया जा सकेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक दीपक शर्मा के लिए महारानी प्रिन्टर्स, प्लांट नं.17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड जयपुर,(राज.)से मुद्रित तथा 3935, दीपकुंज, दीनानाथजी की गली, नॉ ग्रह मंदिर के पास जयपुर (राज.) से प्रकाशित
सम्पादक दीपक शर्मा, मो. 9352779494 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ) सीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार।